# कैलीफोर्निया आप्रवासियों के आपदा अधिकार

### #1 आप्रवासियों के लिए सहायता मांगना सुरक्षित है

राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्रीय संरक्षित क्षेत्र नीति का विस्तार किया जिसमें कहा गया है कि आप्रवासन प्रवर्तन एजेंटों को उन स्थानों पर या उनके पास लोगों को गिरफ्तार या डराना-धमकाना नहीं चाहिए जहाँ आपदा राहत दी जा रही है: **आपातकालीन प्रतिक्रिया शेल्टर, सेवा केंद्र, निकासी मार्गों के साथ स्थान (जैसे, सड़क के किनारे की निरीक्षण चौकियां) या जहाँ परिवार का पुनर्मिलन हो रहा है**

*अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 2 देखें **संरक्षित क्षेत्र**

### #2 प्रत्येक व्यक्ति आपदा राहत के लिए पात्र है।

सहायता के लिए पात्रता आपदा-संबंधी आवश्यकताओं पर आधारित है, न कि आप्रवासन दर्जे या आय पर। प्रत्येक व्यक्ति नकद-रहित आपातकालीन राहत के लिए पात्र है। कुछ लंबी अवधि के सरकारी कार्यक्रमों की पात्रता के लिए घर में कम-से-कम एक नागरिक या पात्र आप्रवासी की आवश्यकता हो सकती है। लेकिन सभी आप्रवासियों को उत्तरदायी गैर-लाभ या आस्था-आधारित संगठनों से अपनी जरूरत की मदद मांगने में सुरक्षित महसूस करना चाहिए।

कैलिफोर्निया राज्य कानून (SB 2327)आपदा राहत कर्मियों को अनावश्यक दस्तावेज या किसी व्यक्ति के आप्रवासन दर्जे के बारे में प्रश्न पूछने से रोकता है। व्यक्तिगत दस्तावेज, जो हो सकता है किसी आपदा में खो या नष्ट हो गए हों, की कमी की वजह से किसी को भी आपातकालीन सहायता से वंचित नहीं रखना चाहिए।

### #3 आपदा सहायता स्वीकार करने से आपका आप्रवासन दर्जा प्रभावित नहीं होगा

आप्रवासी चिंतित हो सकते हैं कि आपदा सहायता स्वीकार करने से उनका आप्रवासन दर्जा प्रभावित हो सकता है। यह सच नहीं है। पब्लिक चार्ज रूल (सार्वजनिक प्रभार नियम) (दिसंबर, 22) पुष्टि करता है कि जब कोई व्यक्ति ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन देता है, तो किसी पब्लिक चार्ज परीक्षा में आपदा सहायता को शामिल नहीं किया जाएगा। इस पब्लिक चार्ज सेफ टू यूज़ लिस्ट (इस्तेमाल के लिए सुरक्षित सूची) (पृष्ठ 2** देखें) में गैर-आपदा -संबंधित लाभ और सेवाएं भी शामिल हैं जिन पर कभी विचार नहीं किया जाता, जैसे, भोजन, चिकित्सा देखभाल, बीमा, बच्चों के कार्यक्रम, धार्मिक गतिविधियां, शिक्षा, और बहुत कुछ। **आपदा राहत सहायता नि:शुल्क है और इसे चुकाने की जरूरत नहीं है।**

### #4 सभी के पास अधिकार हैं - चिंताएं रिपोर्ट करें

हर व्यक्ति को आपातकालीन जानकारी और सहायता का अधिकार है, उस भाषा में जिसे वह समझ सके और ऐसे स्थान पर जिस तक वे पहुँच सके। वकील और सेवा प्रदाता किसी आपदा से पहले अपने को और अपने समुदायों को आप्रवासी अधिकारों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। वे पहुँच में बाधाओं को पहचानने और कम करने में मदद कर सकते हैं। बाद में, वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि लोगों के पास सहायता के लिए सफलतापूर्वक आवेदन करने के लिए एकदम सही जानकारी और जरूरी सहयोग है।

**संसाधनों के लिए लिंक**

- मुफ्त और कम-दाम कानूनी सलाह सेवाओं की सूची सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में
- कैलिफोर्निया त्वरित प्रतिक्रिया नेटवर्कों की डायरेक्ट्री संरक्षित क्षेत्रों के आस-पास ICE गतिविधियों की जानकारी देने के लिए - CA कोलैबोरेटिव फॉर इमिग्रेन्ट जस्टिस
- बहु-भाषा भूकंप सुरक्षा जानकारी - CADRE वेबसाइट।
- स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय संसाधन और जानकारी - Immigrantinfo.org
- **पब्लिक चार्ज सेफ टू यूज़ लिस्ट (मई, 21) अंग्रेजी स्पेनिश
- FEMA सरकारी आपदा सहायता बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए (अंग्रेजी) 10/9/20

***अन्य संरक्षित क्षेत्र**

आपदा या आपातकालीन प्रतिक्रिया और राहत गतिविधियों के अलावा "संरक्षित क्षेत्रों" में शामिल हैं:

- स्कूल, जैसे कि कोई प्री-स्कूल, प्राथमिक या माध्यमिक स्कूल, व्यावसायिक या ट्रेड स्कूल, या कॉलेज या विश्वविद्यालय।
- ऐसे स्थान जो "जरूरतमंद लोगों के लिए आवश्यक" सामाजिक सेवाएं देते हैं: भोजन बैंक, घरेलू हिंसा आश्रय, विकलांग जनों को सेवाएं देनी वाली संस्थाएं।
- ऐसे स्थान जहाँ बच्चे इकट्ठा होते हैं, बच्चों की देखभाल करने वाले केंद्र, स्कूल के बाद होने वाले कार्यक्रम, पालक देखभाल केंद्र (फॉस्टर केयर फेसिलिटी), बस स्टॉप, और खेल के मैदान।
- चिकित्सा उपचार सुविधाएं: अस्पताल, डॉक्टर के ऑफिस, कोविड-19 के टीकाकरण और जांच केंद्र, मानसिक स्वास्थ्य प्रदाता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अर्जेंट केयर सेंटर, ऐसे स्थान जो गर्भवती लोगों को सेवा देते हैं।
- ऐसा स्थान जहाँ परेड, प्रदर्शन, या रैली हो रही है।
- पूजा या धार्मिक अध्ययन के स्थान जिनमें आस्था की गतिविधियों को समर्पित अस्थायी ढांचे शामिल हैं।
- ऐसा स्थान जहाँ अंतिम संस्कार, कब्र के पास होने वाले रिवाज, जपमाला, विवाह, या अन्य धार्मिक या नागरिक समारोह या अनुष्ठान होते हैं।

# कैलीफोर्निया आप्रवासियों के आपदा अधिकार

### गैर-नागरिकों के लिए सरकारी सहायता पर FEMA सूचना पर्ची

- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (अंग्रेज़ी) 10/9/20
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (चीनी) 10/10/20
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (जर्मन) 12/20/21
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (हैशियन क्रीयोल)
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (हिंदी)1/20/22
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (जापानी) 10/20/20
- बिना कानूनी दस्तावेज़ों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (खमेर) 10/26/21
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (किरुंडी)
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (कोरियाई) 10/10/20
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (पुर्तगाली)
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (सर्बो क्रोएशियन बोस्नियाई) 12/20/21
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (स्पेनी) 10/9/20
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (स्वाहिली)
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (टागालोग)
- बिना कानूनी दस्तावेजों वाले आप्रवासियों के लिए सरकारी आपदा सहायता (वियतनामी)